# पटवार परीक्षा फरवरी,2019
## "मसाहत व भू–व्यवस्था नियमावली"
### (प्रश्न पत्र न0–1)

समयः 3 घंटे

नोटः 1. प्रश्न न. 1 अनिवार्यहै। शेष प्रश्नों में से पांच प्रश्न हल करें ।
2. प्रश्नो के उपभाग साथ करें अन्यथा अंक नहीं दिये जाएगें।

पूर्णांक– 100

---

प्रश्नः–1 निम्नमें से किन्हीं दस की परिभाषा लिखे।

| | | |
|---|---|---|
| (क) मसाहत | (ख) शजरा किश्तवार | (ग) सदर चान्दा |
| (घ) बंजर कदीम | (ड़) मोमी | (च) बिन्दु या नुक्ता |
| (छ) लाईन मुकाबला | (ज) लम्ब या अमूद | (झ) ETS व GPS |
| (ञ) सेहदा | (ट) नक्शा वर्तन | (ठ) हदवस्त |

$(10\times2\frac{1}{2}=25)$

प्रश्नः–2 (क) "खतौनी पैमाईश" कब और किस–किस अभिलेख की सहायता से तैयार की जाती है ? (5)

(ख) मिसल हकीयत कब तैयार की जाती है? इसके साथ कौन–कौन से दस्तावेज शामिल किए जाते है? (5)

(ग) फील्ड बुक से क्या अभिप्राय है? फील्ड बुक किस अभिलेख की सहायता से तैयार की जाती है? उदाहरण सहित वर्णन करें। (5)

प्रश्नः–3 (क) पैमाईश करते समय यदि गांव के मध्य कोई दरिया/खड्ड आ जाए तो दरिया/खड्ड से दूसरी ओर की भूमि की पैमाईश पटवारी कैसे करता है? उदाहरण सहित स्पष्ट करें। (15)

प्रश्नः–4 (क) अकेले खेत की पैमाईश और शजरा तैयार करने का क्या तरीका है? उदाहरण सहित स्पष्ट करें। (10)

(ख) बन्दोबस्त में खसरा गिरदावरी पटवारी कब तहरीर करता है? तथा किस अभिलेख से तैयार की जाती है? (5)

प्रश्नः–5 (क) दो बन्दोबस्तों के मध्य शजरा के संशोधन के स्थाई और अस्थाई कारणों को बताते हुए ततीमा शजरा की तैयारी का विस्तार से वर्णन करें। (15)

प्रश्नः–6 (क) मौक व शजरा पर आधार रेखा कायम करने का तरीका उदाहरण सहित विस्तार से वर्णन करें। (15)

प्रश्नः–7 (क) पैमाना – क्रास–जरीब पट्टीमय सहपाई व अड्डा की परिभाषा लिखें तथा इनकी जांच कैसे की जाती है? विस्तार से वर्णन करें। (15)

*****************************************************************

**पटवार परीक्षा फरवरी,2019**

**"गणित"**

**(प्रश्न पत्र न0–2)**

समयः 3 घंटे

नोटः 1. निम्नलिखित में से 10 प्रश्न हल करें ।

2. सभी प्रशनों के अंक समान हैं।

3. कैलकुलेटर/मोबाईल का प्रयोग वर्जित है।

पूर्णांक– 100

---

**प्रश्नः–1) सरल करोः–**

(क) $13-[4-\{3-(5-\overline{6-3}\}]$ (5)

(ख) $\frac{2+2\times2}{2\div2\times2} \div \frac{\frac{1}{2}\div\frac{1}{2} \text{ का } \frac{1}{2}}{\frac{1}{2}+\frac{1}{2} \text{ का } \frac{1}{2}} - (2-\frac{1}{2}) \times \frac{.25}{3}$ (5)

**प्रश्नः–2)**वह बड़ी से बड़ी संख्या ज्ञात करो जो 2436, 3528 और 4158 को पूरा–2 विभाजित करा सके। (10)

**प्रश्नः–3)** तीन दशमलव स्थानों तक शुद्ध वर्गमूल निकालो? (10)

**i)** 2 **ii)** 3 **iii)** 5.56

**प्रश्नः–4)** 24 लड़कियों की एक कक्षा की मध्यमान आयु 14 वर्ष 7 मास है एक नई लड़की के आने से कक्षा की औसत आयु एक मास कम हो जाती है तो नई लड़की की आयु बताओ? (10)

**प्रश्नः–5)** व्यवहार गणित द्वारा 4q 80kg 750gm गेहूं का मूल्य 45रु0 60पैसे प्रति किंवटल की दर से ज्ञात करो? (10)

**प्रश्नः–6)** 12 पुरुष 8 घण्टे प्रतिदिन काम करके एक काम 15 दिन में करते हैं तो 16 लड़के 10 घण्टे प्रतिदिन करके दुगना काम कितने दिनों में करेंगे। एक पुरुष का काम 2 लड़कों के समान है।

**प्रश्नः–7)** A एक काम को 10 दिन में और B इसी काम को 15 दिन में कर सकते है। दोनों ने 2 दिन मिलकर काम किया और A चला गया। अब B शेष काम को कितने दिनों में समाप्त करेगा? (10)

**प्रश्नः–8)** एक परीक्षा में 77% परीक्षार्थी अंग्रेजी में पास हुए, और 66% गणित में, 13% दोंनो विषयों में अनुतीर्ण हुए। यदि 392 दोनों में पास हुए हों, तो बताओ कुल कितने परीक्षणार्थी थे? (10)

**प्रश्नः–9)** निर्माता एक वस्तु 25% लाभ पर थोक–विकेता के पास बेचता है, थोक विकेता इसे परचून–विकेता के पास 5% लाभ पर बेचता है। परचून विकेता को 756 रु0 में बेच कर 20% लाभ है। उस वस्तु पर निर्माता को क्या व्यय करना पड़ा। (10)

**प्रश्नः–10)** किस दर प्रतिशत से 2 वर्ष में 8000 रुपये का चकवृद्धि ब्याज 820 रु हो जाएगा ? (10)

**प्रश्नः–11)** एक नगर की जनसंख्या पहले वर्ष 10% बढ़ी और दूसरे वर्ष 8% घटी। यदि दूसरे वर्ष के अन्त में जनसंख्या 60720 हो तो पहले वर्ष के आरम्भ में कितनी थी? (10)

**प्रश्नः–12)** एक आयत की लम्बाई तथा चौड़ाई में 16:9 अनुपात है यदि उसकी चारों भुजाओं का जोड़ 250 से0 मी0 हो तो उस आयत का क्षेत्रफल क्या होगा? (10)

**********************************************************************************

पटवार परीक्षा फरवरी,2019

"भू–अभिलेख नियमावली"

(प्रश्न पत्र न0–3)

समयः 3 घंटे

नोटः 1. प्रश्न न. 1 अनिवार्य है। शेष प्रश्नों में से पांच प्रश्न हल करें ।

2. प्रश्नो के उपभाग साथ करें अन्यथा अंक नहीं दिये जाएगें।

पूर्णांक– 100

---

प्रश्नः–1 किन्हीं 10 पर संक्षिप्त टिप्पणी करें।

| | | |
|---|---|---|
| (क) भू–स्वामी | (ख) फर्द वाछ | (ग) जिन्सबार |
| (घ) कृषि वर्ष | (ड़) शजरा नस्व | (च) सम्पदा |
| (छ) आबादी देह | (ज) मुआफी | (झ) फर्द वदर |
| (ञ) रहन वाकब्जा | (ट) मुशत्री व वाया | (ठ) ततीमा शजरा |

$(10 \times 2\frac{1}{2} = 25)$

प्रश्नः–2 (क) रोजनामचा वाक्यती में किन–किन घटनाओं का उल्लेख किया जाता है? (5)

(ख) पटवारी के साधारण कर्तव्यों पर टिप्पणी करें । (5)

(ग) कम्पूटरीकरण के क्या उदेश्य है? (5)

प्रश्नः–3 (क) जमाबन्दी किन–किन राजस्व अभिलेखों की सहायता से तैयार की जाती है?इसके साथ कौन–कौन से दस्तावेज शामिल किए जाते है? (5)

(ख) जमाबन्दी और मिसल हकीयत में क्या अन्तर है ? (5)

(ग) शजरा नस्व कैसे तैयार किया जाता है? इसके तैयार करने का क्या महत्व है?। (5)

प्रश्नः–4 (क) सरकारी भूमि पर अतिकमण से क्या अभिप्राय है? सरकारी भूमि पर अतिकमण होने पर पटवारी के क्या कर्तव्य है? (10)

(ख) प्राकृतिक आपदा क्या है? इस स्थिति में पटवारी के क्या–2 कर्तव्य है? विस्तार से वर्णनकरें। (5)

प्रश्नः–5 (क) तकसीम में स्वत्व का प्रश्न में कौन–कौन से विवाद हो सकते हैं? (5)

(ख) तकसीम हुक्मन में पटवारी व कानूनगो की क्या भूमिका है? विस्तार से वर्णन करें। (5)

(ग) व्यवस्थापन ( Settlement) व निर्मुक्ति से क्या अभिप्राय है? विस्तार से वर्णन करें। (5)

प्रश्नः–6 (क) भूमि की निशादेही से क्या अभिप्राय है? (2)

(ख) निशानदेही के लिए कौन आवेदन कर सकता है। तथा निशानदेही प्रार्थना–पत्र के साथ कौन–कौन से दस्तावेज शामिल किए जाते है? (3)

(ग) निशानदेही की प्रकिया का वर्णन करें। (10)

प्रश्नः–7 (क) गिरदावरी मौका से क्या अभिप्राय है? गिरदावरी मौका के लिए पटवारी क्या–क्या अभिलेख व सामान पैमाईश अपने साथ ले जाता है? (3)

(ख) क्या वरवक्त गिरदावरी पटवारी निजि व सरकारी भूमि की किस्म बदल सकता है? (2)

(ग) गिरदावरी मौका की पूर्ण प्रकिया रफतार गिरदावरी तैयार करने से लेकर लाल किताब के नक्शा 2–3 जिन्सवार भरने तक का विस्तृत वर्णन करें। (10)

**********************************************************************************

पटवार परीक्षा फरवरी,2019

"हि0प्र0 लैंण्डलॉज"(किताबों की सहायता से)

(प्रश्न पत्र न0–4)

समयः 3 घंटे

पांच

नोटः 1. प्रश्न न. 1 अनिवार्यहै। शेष प्रश्नों में से चार प्रश्न हल करें ।

2. प्रश्नो के उपभाग साथ करें अन्यथा अंक नहीं दिये जाएगें।

3. अपने उतर की पुष्टि में संम्बन्धित अधिनियम/नियम/नियमावली/धाराओं/ पैरों को भी सन्दर्भित करें।

पूर्णांक–100

---

प्रश्नः–1 निम्नमें से किन्हीं दस की परिभाषा लिखे।

| | | |
|---|---|---|
| (क) कृषक | (ख) अलाभकार जोत | (ग) सहोदर |
| (घ) राजस्व अधिकरियों की श्रेणियां | (ड़) गृहहीन व्यक्ति | (च) बाकीदार |
| (छ) कृषि वर्ष | (ज) उतराधिकारी | (झ) व्यवसायिक सर्वेक्षण |
| (ञ) लगान | (ट) वन उपज | (ठ) भू–सुधार अधिकारी |

$(10\times2\frac{1}{2} = 25)$

प्रश्नः–2 (क) भूमि विभाजन हेतु कौन–कौन आवेदन कर सकता है? राजस्व अधिकारी द्वारा किन–किन सम्पतियों के सम्बन्ध में तकसीम से इनकार किया जा सकता है? (4)

(ख) फर्द कब्जा मौका क्या होता है? इसे कब व किसके द्वारा तैयार किया जाता है? (3)

(ग) तरीका तकसीम से क्या अभिप्राय है? इसमें किन–किन बातों का उल्लेख किया जाता है। तरीका तकसीम प्राप्त होने पर पटवारी व क्षेत्रीय कानूनगो मौका पर क्या–क्या कार्यवाही करते है? (8)

प्रश्नः–3 (क) हिन्दु महिला के उत्तराधिकार सम्बन्धित नियमों का वर्णन करें? (5)

(ख) हिन्दु उत्तराधिकार अधिनियम 1956 किन–किन पर लागू होते है? (5)

(ग) गर्भ में स्थित बच्चे के क्या अधिकार है? धारा सहित वर्णन करें? (4)

(घ) हिन्दु उत्तराधिकार अधिनियम 1956 की किस धारा के अर्न्तगत कोई हिन्दु अपनी सम्पति की वसीयत कर सकता है? (1)

प्रश्नः–4(क) हि0प्र0 भू–जोत अधिनियम 1972 के अर्न्तगत अनुज्ञेय क्षेत्र की सीमा क्या है? वर्णन करें (8)

(ख) इस नियम के उपबन्ध कौन–कौन सी भूमि पर लागू नहीं होते है? (5)

(ग) क्या चाय के बागानों पर इसे उपबन्ध लागू होते है? (2)

प्रश्नः–5 (क) मौरुसी और गैर मौरुसी मुजारो में क्या अन्तर है? गैर मौरुसी मुजारों द्वारा मुजारियत की भूमि के स्वामित्व अधिकार प्राप्त करने की पूर्ण प्रकिया का वर्णन करें। (10)

(ख) क्या मुजारा भू–स्वामी के पक्ष में भूमि छोड़ सकता है? (3)

(ग) क्या मुजारा मुजारियत की भूमि की वसीयत कर सकता है? (2)

प्रश्नः–6 (क) आबादी देह से क्या अभिप्राय है? आबादी देह पर भू–राजस्व के उपबन्ध किन–किन अवस्थाओं में लागू होते है?(5)

(ख) हि0प्र0 भू–राजस्व अधिनियम 1954 के अर्न्तगत समनों के तामील की विधि का वर्णन करें? (6)

(ग) अधिकार अभिलेख कब तैयार किया जाता है? इसके साथ कौन–कौन से दस्तावेज शामिल होते है। क्या अधिकार अभिलेख को सत्यता की धारणा प्राप्त है? (4)

प्रश्नः–7 (क) गैर कृषक से क्या अभिप्राय है? हि0प्र0 में गैर कृषक व्यक्ति के पक्ष में भूमि हस्तातरण किन–किन परिस्थितियों में संभव है? (8)

(ख) यदि कोई गैर कृषक व्यक्ति हि0प्र0 मुजारियत एंव भूमि सुधार अधिनियम के धारा 118 के उल्लघन में भूमि प्राप्त करता है तो उसके विरुद्ध क्या कार्यवाही अमल में लाई जाएगी? (7)

**********************************************

पटवार परीक्षा फरवरी,2019

"निर्वाचन"

(प्रश्न पत्र न0–5)

समयः 3 घंटे

नोटः 1. प्रश्न न0 1 अनिवार्य है। शेष प्रश्नों में से पांच प्रश्न हल करें ।

2. प्रश्नो के उपभाग साथ करें अन्यथा अंक नहीं दिये जाएगें।

पूर्णांक– 100

---

प्रश्नः–1 किन्हीं 10 पर संक्षिप्त टिप्पणी करें।

(क) निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ख) मतदान अभिकर्ता (ग) मतपेटी

(घ) VV PAT (ड़) प्रतीकों का आबंटन (च) पोल डियूटी मतपत्र

(छ) निर्वाचन क्षेत्र (ज) निविदित मत (झ) प्रतिभूति निक्षेप

(ञ) मतों में समानता (ट) निर्वाचन क्षेत्र

$(10\times2\frac{1}{2}=25)$

प्रश्नः–2 (क) बुथ लेवल अधिकारी से क्या अभिप्राय है? उनके कर्तव्यों का वर्णन करें। (5)

(ख) लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 के अनुसार "मामूली तौर पर निवासी " से क्या तात्पर्य है? (10)

प्रश्नः–3 (क) निर्वाचन नामावली में कौन–कौन व्यक्ति रजिस्ट्रीकरण के पात्र है? (7)

(ख) प्रारुप 6, 7, 8 व 8 (क) पर नोट लिखे। (8)

प्रश्नः–4 (क)पुनरीक्षण से क्या अभिप्राय है?वर्णनकरें। (10)

(ख) मतदान केन्द्र में कौन–कौन व्यक्ति प्रवेश कर सकते है? (5)

प्रश्नः–5 (क)निर्वाचन कार्यकम से क्या अभिप्राय है? वर्णन करें। (5)

(ख) पंचायत में स्थानों के आरक्षण पर नोट लिखें ? (5 )

(ग) मतदान से पूर्व अभियार्थी की मृत्यु का चुनाव प्रकिया पर क्या प्रभाव पड़ता है? (5)

प्रश्नः–6 (क) पंचायत समिति के अध्यक्ष के निर्वाचन की प्रकिया का विस्तापूर्वक वर्णन करें। (15)

प्रश्नः–7 (क) हि0प्र0 नगरपालिका निर्वाचन नियम 2015 के अनुसार नगरपालिका के बार्ड़ों का विभाजन किस प्रकार किया जाता है? वर्णनकरें। (7)

(ख) नगरपालिका के निर्वाचन क्षेत्र की नामावली कैसे तैयार की जाती है। संक्षिप्त में लिखें? (8)

प्रश्नः–8 (क) निर्विरोध चुनाव से क्या अभिप्राय है? (5)

(ख) पोल डियूटी मतपत्र से क्या अभिप्राय है? इन मतपत्रों की गणना की क्या विधि है? (10)

*****************************************************